प्रेस नोट

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2021 के विद्यालयी परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट शुद्धि एवं केन्द्र ऑप्शन के लिए होंगी लाईव!

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2021 हेतु नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 1000/–रु0 विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 10.02.2021 तक ऑन–लाईन आवेदन किए जा सकते हैं।

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2021 के लिए ऑन–लाईन आवेदन–पत्रों में विद्यालयों के द्वारा शुद्धि करने हेतु चैक–लिस्ट 27 जनवरी–2021 से 03 फरवरी–2021 तक विद्यालय की लॉग–ईन आई0डी0 पर अपलोड की जा रही हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता रखने वाले सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय इस चैक लिस्ट में अपने स्तर पर परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के विवरणों में जैसेः– फोटो/हस्ताक्षर विषय एवं आधार नम्बर की शुद्धियां ऑन–लाईन ठीक कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के अन्य विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तो मूल रिकॉर्ड एवं शुद्धि शुल्क सहित बोर्ड कार्यालय में दस्ती तौर पर आकर करवा सकते हैं। यदि किसी विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी के विषयों में ऑन–लाईन आवेदन करते समय प्रायोगिक विषय नहीं भरा तथा अब प्रायोगिक विषय लेने हेतु शुद्धि करवाना चाहते हैं, तो ऐसे विद्यालय प्रायोगिक विषय/विषयों हेतु 100/–रु0 प्रति परीक्षार्थी प्रयोगिक शुल्क एवं रिकॉर्ड सहित बोर्ड कार्यालय में आकर शुद्धि करवा सकते हैं। विद्यालय मुखिया, विद्यालय को जारी किए गए लॉग–ईन आई0डी0 एवं पासवर्ड से परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट दिनांक 27.01.2021 से डाउनलोड कर सकेंगे।

विद्यालय मुखियाओं को यह भी सूचित किया जाता है कि उन द्वारा जो विद्यालय स्टाफ स्टैटमैन्ट भरी गई है, उसमें यदि कोई अध्यापक, प्राध्यापक व प्रधानाचार्य किसी भी प्रकार के अवकाश (CCL, Medical, Privilege/Earned leave & any other leave) पर हों, सेवानिवृत हो चुकें हों, मोबाईल नम्बर में अशुद्धि हों या कोई अन्य कारण हो, तो उसको अपडेट करना सुनिश्चित करें।

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2021 हेतु ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय/स्थाई/अस्थाई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों से दिनांक 12.02.2021 से 17.02.2021 तक परीक्षा केन्द्रों की ऑप्शन (पैलेस कोड) ऑन–लाईन भरवाए जा रहे हैं, जिसके लिए विद्यालयों की लॉग–ईन आई0डी0 पर लिंक जारी कर दिया जायेगा। विद्यालय केन्द्रों की ऑप्शन दिनांक 12.02.2021 से विद्यालय को जारी किए गए लॉग–ईन आई0डी0 पर दिए गए लिंक पर उपलब्ध होगी।